**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to run three weekly trains Mahua-Bandra train (19030), Mahua-Bandra Train (22993) and Surat-Mahua train (12945) daily.

**श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली):** धन्यवाद, अध्यक्ष जी ।

मैं अपने संसदीय क्षेत्र अमरेली के बारे में पिछले पांच सालों से यह इश्यू उठा रहा हूं, लेकिन अभी तक इसका सोल्यूशन नहीं हुआ है । मेरे क्षेत्र की जनता के लिए महुवा-बांद्रा ट्रेन (19030), महुवा-बांद्रा ट्रेन (22993) और सूरत-महुवा ट्रेन (12945), इन तीनों ट्रेनों को वीक में एक दिन ही चलाया जाता है, इससे मेरे क्षेत्र के साथ बहुत ही अन्याय हो रहा है । ये ट्रेन्स चार जिलों से होकर निकलती हैं – भावनगर, महुवा, सुरेन्द्र नगर और जूनागढ़ । इनसे तीनों जिलों के संसदीय क्षेत्रों में लोगों को लाभ मिलता है । मेरे क्षेत्र के 20 लाख से ज्यादा लोग सूरत, अहमदाबाद, बड़ौदा और मुंबई में रहते हैं । वहां प्रतिदिन 300 से ज्यादा लग्जरी बसें सूरत, अहमदाबाद, बड़ौदा और मुंबई के लिए निकलती हैं, उनमें भारी किराया होने के कारण लोग यात्रा नहीं कर पाते हैं । इसलिए इन तीनों ट्रेन्स को वहां से चलाया जाए, यही मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं । …(व्यवधान)